http://www.mpboardonline.com

Roll No.

# 703

703-01-46-522

## कक्षा 11 वीं परीक्षा 2019–20

## [7401-C]

# HINDI (Special)

# हिन्दी विशिष्ट

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

निर्देश :-

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

(3) आरम्भ में दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं। उप प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 – 2 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा 30 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 – 3 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 से 75 शब्दों में लिखना है।

(7) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार – चार अंक निर्धारित हैं तथा शब्द सीमा 120 शब्दों तक सीमित है।

(8) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक के लिए 5 – 5 अंक आवंटित है तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु लगभग 150 शब्द निर्धारित हैं।

(9) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक (7 + 3) आवंटित है तथा शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.1 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (5×1=5)

(i) 'शिरीष के फूल' पाठ के लेखक ने शिरीष की तुलना .................................. से की है। (अवधूत / धूर्त)

(ii) रीतिकालीन कवि पद्माकर जी का षड्ऋतु वर्णन .................................. भाषा में है। ([illegible] / [illegible])

(iii) 'सवासेर गेहूँ' पाठ मे गेहूँ उधार लेने वाले का नाम .................................. था। (शंकर / महाराज)

(iv) मुहावरा 'डटे रहना' का अर्थ .................................. है। (मुश्किलों का सामना करना / छिपे रहना)

(v) प्रबन्ध काव्य के अन्तर्गत .................................. आता है। (महाकाव्य / मुक्तक काव्य)

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (5×1=5)

(i) 'जननी जन्मभूमिश्च' निबन्ध विधा के लेखक हैं –

(अ) विष्णु प्रभाकर (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) विद्यानिवास मिश्र (द) श्रीराम परिहार

(ii) 'कविता का आह्वान' रचना के रचनाकार हैं –

(अ) भूषण (ब) मैथिलीशरण गुप्त

(स) रामधारी सिंह 'दिनकर' (द) सोम ठाकुर

(iii) "बरन – बरन तरु फूले उपवन वन" में अलंकार है –

(अ) उपमा (ब) यमक

(स) अनुप्रास (द) रूपक

(iv) 'बन्दी पिता का पत्र' पाठ में लेखक ने संबोधित किया है –

(अ) पुत्र को (ब) भाई को

(स) पिता को (द) सेवक को

(v) वार्णिक छन्दो की गणना में प्रयोग होने वाले गणों की संख्या ..........होती है।

(अ) 13 (ब) 16

(स) 8 (द) 4



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.3 निम्नलिखित कथनों मे सत्य / असत्य का चयन कीजिए – (5X1=5)

(i) हिन्दी गद्य साहित्य के उत्थान काल को (विकास क्रम) चार भागों मे बॉटा गया है।

(ii) भक्ति काल को हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है।

(iii) 'भोला राम का जीव' विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखा गया है।

(iv) 'भगवान पशुपति नाथ' का मन्दिर सौराष्ट्र में स्थित है।

(v) हास्य रस का स्थाई भाव उत्साह है।

प्र.4 सही जोडी बनाइए – (5X1=5)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) रामचन्द्र शुक्ल | (क) प्रिय प्रवास |
| (ii) जयशंकर प्रसाद | (ख) रहस्यवाद |
| (iii) अलौकिक सत्ता के प्रति प्रेम | (ग) गिरिजा कुमार माथुर |
| (iv) विश्वास की सॉझ | (घ) एक घूँट |
| (v) मैथिलीशरण गुप्त | (ड) चिन्तामणि |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (5X1=

(i) "अध्यक्ष महोदय" पाठ के अनुसार पेशेवर अध्यक्ष किस प्रकार के वस्त्र पहनते हैं।

(ii) रस के कितने अंग होते है?

(iii) 'उपन्यास' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(iv) बिना उपयुक्त समय पर कही गयी बात कैसी लगती है?

(v) "कठिन काव्य का प्रेत" किस कवि को कहा गया है?

प्र.6 तुलसी के अनुसार मानव मन की मूढ़ता क्या है?

<u>अथवा</u>

किसी रोगी की पीड़ा को सबसे अधिक कौन अनुभव कर सकता है?


http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.7 'नीति' शीर्षक में वृक्ष के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है? (2)

अथवा

रहीम ने विपदा को भला क्यों कहा है?

प्र.8 सेनापति ने ग्रीष्म की प्रचण्डता का वर्णन किस प्रकार किया है? (2)

अथवा

"तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है।" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र.9 "विश्वास की साँझ" कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? (2)

अथवा

विविधा पाठ के आधार पर "कौवा और कोयल" का भेद कब ज्ञात होता है?

प्र.10 शिव मंगल सिंह 'सुमन' के अनुसार सफलता प्राप्त करने का मूल मन्त्र क्या है? (2)

अथवा

"विविधा" पाठ के अनुसार बादलों से मिलने के लिए कौन – कौन से प्राणी आतुर रहते है? http://www.mpboardonline.com

प्र.11 मानव में कौन सी भावना उत्साह उत्पन्न करती है? (2)

अथवा

'शिरीष' और 'अमलतास' में क्या अन्तर है?

प्र.12 'मातृभूमि' और 'स्वर्ग' में क्या अंतर है? (2)

अथवा

मीरा के पिता को किस बात की चिन्ता थी?

प्र.13 मीता के विदेश न जाने के पीछे क्या भावना थी? (2)

अथवा

'भोलाराम की जीवात्मा' कहाँ अटकी थी? वह स्वर्ग क्यों नहीं जाना चाहता था?

प्र.14 नेताजी के तुलादान में कौन – कौन सी वस्तुएं अर्पित की गई थीं? (2)

अथवा

लाल बहादुर शास्त्री को निष्काम कर्मयोगी क्यों कहा गया है?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र 15 निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए (2)

(i) नील कमल

(ii) दशानन

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(i) चन्द्रमा

(ii) कमल

प्र 16 लक्षणा शब्द शक्ति की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

वार्णिक छन्द की परिभाषा लिखते हुए गणों के नाम लिखिए।

प्र.17 निम्नलिखित पंक्ति का भाव पल्लवन कीजिए – (3)

"जन्म और मृत्यु प्रकृति के लिए दो सहज स्थितियाँ हैं।"

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए –

(i) जहाँ जाया न जा सके।

(ii) जिसकी उपमा न हो।

(iii) काँटों से भरा हुआ।

प्र.18 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – (3)

(i) बीमार को शुद्ध गैरा का दूध पिलाइए।

(ii) एक फूलों की माला लाओ।

(iii) यह बहुत सुन्दर चित्र है।

अथवा

नेपाल में लेखक के ठहरने की क्या व्यवस्था थी? संक्षेप में लिखिए।

प्र.19 हास्य रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। (3)

अथवा

संदेह अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.20 जीवनी एवं आत्मकथा में प्रमुख अन्तर बताइए। (4)

अथवा

एकांकी विधा के विकास क्रम को बताते हुए एकांकी के प्रमुख तत्वों का नाम लिखिए।

प्र.21 छायावादी काव्य की चार प्रमुख विशेषताएं लिखिए। (4)

अथवा

रहस्यवाद की प्रमुख चार विशेषताएं बताइए।

प्र.22 कबीर दास अथवा शिव मंगल सिंह 'सुमन' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(i) दो रचनाएँ
(ii) भाव पक्ष
(iii) कला पक्ष
(iv) साहित्य में स्थान

प्र.23 श्रीमति मालती जोशी अथवा हरिशंकर परसाई का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(i) दो रचनाएँ
(ii) भाषा
(iii) शैली
(iv) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (4)

"फीकी पै नीकी लगै, कहिए समय विचारि।
सबको मन हर्षित करै, ज्यों विवाह में गारि।।
जो जेहि भावे सो भलौ, गुन को कछु न विचार।
तज गज मुक्ता भीलनी, पहिरति गुंजा हार।।"

अथवा

कंदमूल, नीवार, भोगकर, सुलग इंगुदी तेल जलाकर।
जन समाज संतुष्ट रहे, हिलमिल आपस में प्रेम बढ़ाकर।।
धर्म भिन्नता हो न सभी जन, शैलतरी में हिलमिल गावें।
ऊषा के स्वर्णिम प्रकाश में, भावुक भक्ति मुग्ध मन गावें।।


http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.25 निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (4)

"आज के जमाने में लोग भेड़ बकरी नहीं हैं। उनके दिमाग हैं, वे सोचते हैं ....... समझते है। वे अपने पर निर्भर रहना चाहते हैं। दूसरों का सहारा लेना नहीं चाहते।... ......... हां प्रदीप, क्या लिखा है, विनय ने?

अथवा

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई। मेरे परिवार में प्रायः दो सौ वर्ष तक कोई लड़की थी ही नहीं। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। हमारी कुल – देवी दुर्गा थीं। मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई। परिवार में बाबा फ़ारसी और उर्दू जानते थे। पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थी। हिन्दी का कोई वातावरण नहीं था।

प्र 26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

वैदिक काल से ही हिमालय पहाड़ को बहुत पवित्र माना जाता है। इसमें कोई संदेह नही कि हिमालय के पहाड़ों का दृश्य अति सुन्दर है। इसकी विशालता देखकर मन आनन्दित और कृतज्ञ हो जाता है। ऐसा लगता है कि यह विशाल सृष्टि ईश्वर की देन है। सारी सृष्टि के प्रति समभाव जाग्रत होता है। वस्तुतः यह दृष्टि कोरी कलात्मक या आध्यात्मिक नहीं है। भारतवर्ष में जलवायु का सामंजस्य हिमालय बैठाता है। यहां बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री जैसे पवित्र तीर्थ हैं।

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) किस काल से हिमालय को पवित्र माना जाता है?

(iii) हिमालय को देखकर कौन सा भाव जाग्रत होता है?

(iv) यहाँ कौन – कौन से तीर्थ हैं?

(v) 'कृतज्ञता' और 'वैदिक' शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.27 अपने मित्र को कक्षा दसवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर एक बधाई पत्र लिखिए। (6)

<u>अथवा</u>

अपनी कालोनी की साफ – सफाई न होने के कारण नगर पालिका अध्यक्ष को एक आवेदन पत्र लिखकर निवेदन करें कि साफ – सफाई सुनिश्चित हो।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए – (7)

(i) पर्यावरण संरक्षण

(ii) अनुशासन और विद्यार्थी

(iii) जहाँ नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं

(iv) जीवन में खेलों का महत्व

(v) बेरोजगारी की समस्या

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए – (3)

(i) स्वच्छता का महत्व

(ii) परोपकार

(iii) जल संरक्षण

(iv) पुस्तकालय

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

**http://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**



http://www.mpboardonline.com